हरिभूमि
# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 22 अगस्त 2025

04 जनप्रतिनिधि व प्रशासन हुए एकजुट गुनिया नदी को...

07 अशोकनगर का डाक बंगला 1894 में बना अब 131 वर्ष का हुआ




# बाढ़ से प्रभावित हर क्षेत्र का मैं स्वयं पहुंचकर हालात का जायजा ले रहा हूं: सिंधिया

### चार दिन के प्रवास पर गुना, शिवपुरी और अशोकनगर जिलों के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

केंद्रीय संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने (गुरुवार) ग्वालियर में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि संसद का सत्र समाप्त होने के बाद उनका ग्वालियर आगमन हुआ है। वे चार दिन के प्रवास पर गुना, शिवपुरी और अशोकनगर जिलों के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे। ग्रामीण अंचल में बाढ़ से जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है और हर जगह लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वे स्वयं प्रत्येक प्रभावित क्षेत्र तक पहुँच रहा हूँ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की



सरकार ने हर कठिन परिस्थिति में आमजन की सहायता के लिए हरसंभव प्रयास किया है। केंद्र सरकार की पहल पर गृह मंत्री एवं रक्षा मंत्री से चर्चा कर, एनडीआरएफ की टीम, सेना और हेलिकॉप्टरों को पहले ही तैनात कर दिया गया था। राहत कार्य भी बड़े पैमाने पर संपन्न हो चुके हैं।सिंधिया ने बताया कि एक दिन का प्रवास उन्होंने मुख्यमंत्री जी के साथ प्रभावित क्षेत्र में किया था और अब तीन दिन का विस्तृत दौरा किया जा रहा है। इसके बाद 24 तारीख को वे दिल्ली लौटेंगे। ग्वालियर के विकास पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि शहर में तेज़ गति से प्रगति हो रही है और योजनाएँ ज़मीनी स्तर पर साकार हो रही हैं। उन्होंने बताया कि वर्षा ऋतु समाप्त होने के बाद ग्वालियर के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का कार्य भी आरंभ होगा। 130 करोड़ का निवेश इस परियोजना में किया जाएगा, जिससे स्टेडियम की क्षमता 40,000 दर्शकों तक बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्वालियर और दिल्ली दोनों जगह से वे स्वयं हर कार्य की स्थिति पर पल-पल नज़र रख रहे हैं।

## समाचार संक्षेप

### विधायक जयवर्धन सिंह 22 अगस्त को आरोन में, लेंगे कई कार्यक्रम में हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोपाल सोनी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि शुक्रवार दिनांक 22 अगस्त को सुबह 11 बजे मंत्री विधायक जयवर्धन सिंह आरोन आएंगे । श्रीसिंह अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे ।उक्त आशयकी जानकारी देते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल सोनी ने बताया कि 11 बजे स्थानीय रेस्ट हाउस में कार्यकर्तासे मुलाकात करेंगे। तत्पश्चात शोक संवेदना व्यक्त करने कांग्रेस नेता गजनंन पटेल के निवास परपहुंचेंगे एवंदोपहर 2 बजेसिविल अस्पतालआरोन में रोगी कल्याण समिति की बैठक लेंगे ।ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोपाल सोनी ने शहरी एवं ग्रामीण कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपने लाडले नेता एवं जिला कांग्रेस कमेटी की नवनियुक्त अध्यक्ष विधायक जयवर्धन सिंह की अगवानी कर कर जोरदार स्वागत करने की अपील की है।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड आरोन गणवेश केंद्र का उद्घाटन हुआ



हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

जन्म शताब्दी वर्ष में होने वाले पथ संचलन के लिए गणवेश केंद्र का शुभारंभ आज खंड के माननीय सहसंघचालक से राकेश रघुवंशी जी द्वारा जय साहित्य सदन पर विधिवत भारत माता की पूजन एवं आरती कर किया गया जिसमें विभाग जिला खंड नगर के सभी दायीत्वान कार्यकर्ता उपस्थित हुए साथ में विविध संगठनों के कार्यकर्ता भी उपस्थित हुए विजयदशमी पर इस बार खंड में मंडलों पर और नगर में बस्ती केंद्र पर पथ संचलन निकाले जाएंगे जिसमें सभी स्वयंसेवकों को गणवेश पहनकर सम्मिलित होना है।

### जिला पंचायत सीईओ ने की एक बगिया मां के नाम परियोजना की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गुना अभिषेक दुबे द्वारा आज जिला पंचायत सभाकक्ष में एक बगिया मॉ के नाम के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत समस्त, एसआरएलएम एवं मनरेगा के जनपद स्तरीय अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। एक बगिया माँ के नाम की समीक्षा के दौरान ब्लॉक प्रबंधक, एसआरएलएम को निर्देशित किया गया कि दिये गये लक्ष्य के अनुरूप एक बगिया माँ के नाम एप पर पात्र हितग्राहियों का चयन करें तथा उपयंत्रियों द्वारा जितने प्रकरण किये गये हैं, उन समस्त प्रकरणों में आ रही तकनीकि त्रुटियों का सुधार कर पुनः कृषि सखी के माध्यम से पुनः एप पर अपडेट करायें। साथ ही निर्देशित किया गया कि लक्ष्य के अनुरूप सही चयन न किये जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी। सीईओ जिला पंचायत द्वारा समस्त सहायक यंत्री एवं अति. कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा को निर्देशित किया गया कि सिपरी पोर्टल पर की टीएस/एएस जारी कराया जाकर कार्य प्रारंभ कराया जाये।मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री दुबे द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत समस्त को निर्देशित किया गया कि लक्ष्य के अनुरूप समय-सीमा में प्लांटेशन न होने पर सर्व संबंधितों की जिम्मेदारी तय की जाकर वेतन कटोत्रा संबंधी कार्यवाही की जावेगी तथा समस्त उपयंत्री/सहायक यंत्रीयों की कार्यवार प्रगति की समीक्षा करना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री दुबे ने महिला बाल विकास विभाग के तहत रूफ वाटर हार्वेस्टिंग व पोषण वाटिका निर्माण कार्य 10 दिन में पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि समय-सीमा में उक्त कार्य पूर्ण नहीं किये जाते हैं, तो संबंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत व सहायक यंत्रियों के 3-3 दिवस के वेतन कटोत्रा किये जाने के निर्देश दिये गये

### खेत की तार फेंसिंग में फैले करंट से हुई मौत के मामले में पुलिस का खुलासा

# अवैध कनेक्शन के कटे तार से फैला था तार फैंसिंग में करंट, आरोपी गिरफ्तार

### आरोपी ने कहा था कि कोई मरे तो मर जाये, मुझे फर्क नहीं पड़ता

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

धरनावदा थाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम कंडीपुरा में खेत की तार फेंसिंग में फैले करंट से व्यक्ति की मृत्यु के मामले का खुलासा किया गया है ।

27 मई को सकतपुर निवासी केवल सिंह अहिरवार उम्र 50 वर्ष की मृत्यु खेत की तारफेंसिंग पर करंट लगने से हो गई थी, जिस पर से धरनावदा थाने मर्ग कायम कर जांच में लिया गया था । जांच के दौरान पाया गया कि रुठियाई निवासी घनश्याम प्रजापति पुत्र रामप्रसाद प्रजापति द्वारा अपने उपयोग हेतु खेत में डी.पी. से अवैध विद्युत कनेक्शन लिया गया था, जिसके कटे हुए तार तारफेंसिंग से टच होकर करंट फैला रहे थे । पूर्व में ग्रामीणों द्वारा चेतावनी देने के बावजूद घनश्याम प्रजापति ने लापरवाहीपूर्वक उक्त कटे तार को सही नहीं किया और कहा था कि कोई मरे तो मर जाये, मुझे फर्क नहीं पड़ता ।




संपूर्ण मर्ग जांच में घनश्याम प्रजापति के द्वारा जानबूझकर बरती गई लापरवाही के चलते केवल सिंह अहिरवार की मृत्यु होना पाया गया । विद्युत विभाग रुठियाई की तकनीकी रिपोर्ट में भी पुष्टि की गई कि मृत्यु घनश्याम प्रजापति के कनेक्शन से लिये गये तार में करंट फैलने के कारण ही हुई है । मर्ग जांच में प्रथम दृष्टया आरोपी का यह कृत्य आपराधिक मानव वध धारा 105 बीएनएस के अंतर्गत पाये जाने पर आरोपी घनश्याम प्रजापति के विरुद्ध धरनावदा थाने में अपराध क्रमांक 160/25 धारा 105 बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा जिसकी तलाश शुरू की गई एवं आरोपी की तलाश के क्रम में बीते रोज मुखबिर सूचना पर धरनावदा थाना पुलिस ने तत्परता से कार्यवाही कर प्रकरण के आरोपी घनश्याम पुत्र रामप्रसाद प्रजापति उम्र 40 साल निवासी रूठियाई को गिरफ्तार कर लिया गया एवं जिसे 21 अगस्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया ।

गुना पुलिस आमजन से अपील करती है कि विद्युत कनेक्शन व तारों से संबंधित किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरतें, क्योंकि यह जानलेवा साबित हो सकती है ।



### भारतीय किसान संघ ने दिया धरना, प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

भारतीय किसान संघ जिला इकाई ने गुरुवार को किसानों की तात्कालिक समस्याओं को लेकर नगर पालिका गेट के सामने धरना दिया।

बड़ी संख्या में किसान इसमें शामिल हुए और सरकार-प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। इसके बाद संघ के पदाधिकारी कलेक्टोरेट पहुंचे और जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की। किसान संघ ने कहा कि इस वर्ष अति वर्षा के कारण गुना तहसील सहित जिलेभर में खरीफ की फसलें, खासकर मक्का, बुरी तरह प्रभावित हुई हैं और 70 प्रतिशत से अधिक नुकसान हुआ है। किसानों ने फसलों का सर्वे कराकर शीघ्र मुआवजा एवं बीमा राशि दिलाने की मांग की। इसके अलावा खाद की किल्लत को भी बड़ा मुद्दा बताया गया। किसानों ने कहा कि पिछली रबी में डीएपी और यूरिया की भारी कमी रही और मजबूरी में ऊंचे दामों पर खाद खरीदनी पड़ी।

आगामी सीजन में पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने और सभी किसानों को सोसायटी का सदस्य बनाने का अभियान चलाने की मांग की गई। ज्ञापन में निराश्रित गौमाता को गौशालाओं में भेजने और उनके चारे-पानी की व्यवस्था करने की बात रखी गई। साथ ही सहकारी समितियों में धांधली और भ्रष्टाचार के मामलों की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। संघ ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन और तेज किया जाएगा।

### राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का कलेक्टर ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा गुरुवार को पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बजरंगगढ, गुना में राष्ट्रीय बास्केटबाल प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में योगेश नागदेव, शाखा प्रबंधक, एवं डीके सिंह, सहायक आयुक्त नवोदय विद्यालय समिति भोपाल संभाग उपस्थित रहे। सहायक आयुक्त भोपाल संभाग डीके सिंह के द्वारा मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री कन्याल एवं शाखा प्रबंधक स्टेट बैंक का स्वागत एवं सम्मान पुष्प गुच्छ और शॉल श्रीफल के साथ किया गया। नवोदय विद्यालय समिति के द्वारा आयोजित 33वीं राष्ट्रीय बास्केटबाल प्रतियोगिता में पधारे हुए भारत वर्ष के 08 संभागों से पधारे हुए समस्त 480 प्रतिभागी टीम मैनेजर एवं कोच आदि का हृदय से स्वागत एवं प्रशंसा की।कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा कि विशेष तौर से शिलाँग क्षेत्र से पधारे हुए छात्रों को गुना में भी सुहाने मौसम के आनंद के अनुभूति होने हो रही होगी।



उन्होंने कहा आप सभी बॉस्केटवॉल प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करें। समापन समारोह में 23 अगस्त को केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने 33वीं राष्ट्रीय बास्केटबाल प्रतियोगिता में प्रतिभागिता कर रहे खिलाडिय़ों को शुभकमनाएं दी।उद्घाटन कार्यक्रम में जवाहर नवोदय विद्यालय शाजापुर की छात्राओं के शानदार नृत्य ने सभी का मन मोह लिया।गुना जिले के बास्केट फेडरेशन के सचिव अतुल लुम्बा एवं मनोज शर्मा, क्रीडा अधिकारी भी इस कार्यकम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजन में इनकी अहम भूमिका रही। विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका स्वाति मिश्रा के द्वारा कार्यक्रम में पधारे हुए सभी अतिथियों हृदय से आभार व्यक्त किया गया, कार्यक्रम का संचालन दीपक दुबे, आकृति दुबे एवं एस के सोनी के द्वारा किया गया।

### भारी बारिश के बीच दुर्गम क्षेत्र में नदी पार कर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने किया टीकाकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के विकासखंड चांचौड़ा के एएनएम विहीन उप स्वास्थ्य केंद्रों के विभिन्न ग्रामों में डॉ. राजेश कुमार पुष्पक बीएमओ बीनागंज के नेतृत्व में जितेंद्र सेन बीपीएम एवं मलेरिया तकनीकी पर्यवेक्षक प्रदीप सेन के द्वारा टीकाकरण प्लान तैयार किया गया। जिसके अंतर्गत 21 अगस्त 25 को बरखेड़ा खुर्द, गोरियाखेड़ा, उप स्वास्थ्य केंद्र के विभिन्न ग्रामों में टीकाकरण हेतु एएनएम को भेजा गया। उप स्वास्थ्य केंद्र गोरिया खेड़ा के तीन ग्राम केशपुर में कविता पटेरिया, कानाखेड़ी में कमला इक्का, परवरिया में किरण परिहार नदी पार करके ग्राम तक पहुंची और महिला एवं बच्चों का टीकाकरण व स्वास्थ्य परीक्षण किया। उक्त तीनों एएनएम और क्षेत्र की अन्य एएनएम ने टीकाकरण कार्य को गंभीरता से लिया और लगातार हल्की बारिश होने के बाद भी सभी एएनएम प्लान अनुसार कर्तव्य पर पहुंचकर सेवाएं दी। एएनएम विहीन उप स्वास्थ केंद्र में प्रत्येक माह इसी प्रकार एएनएम की ड्यूटी लगाकर टीकाकरण कराया जा रहा है। विषम परिस्थितियों में भी एएनएम अपनी सेवाएं अपने उप स्वास्थ्य केंद्र के साथ-साथ अन्य एएनएम विहीन उपस्वास्थ केंद्र में भी दे रही हैं। टीकाकरण स्थल तक वैक्सीन पहुंचने में वैक्सीन लिफ्टर का भी विशेष सहयोग रहा।



### चेहल्लुम पर शहर में निकला विशाल मातमी जुलूस

#### रातभर गूंजते रहे या हुसैन के नारे



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

करबला के शहीदों की याद में देर रात से गुना शहर का माहौल पूरी तरह मातमी रंग में रंगा रहा। चेहल्लुम शरीफ के अवसर पर रातभर ताजिए उठाए गए और परंपरागत मार्गों से होते हुए हुसैन टेकरी पहुंचे, जहां हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी। जगह-जगह मातमी धुनों की गूंज और या हुसैन के नारों ने माहौल को गमगीन बना दिया। श्रद्धालुओं ने फातिहा पढक़र इमाम हुसैन और उनके साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। चेहल्लुम का सिलसिला रात से ही शुरू हो गया था। शहर के अलग-अलग इलाकों से ताजिए निकले, जिनके साथ बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए। देर रात तक ताजिए अपने मुकाम तक पहुंचे और हुसैन टेकरी पर उनका जमावड़ा हुआ। यहां रातभर श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही। लोग दूर-दूर से ताजिए देखने और फातिहा पढऩे पहुंचे। आज सुबह ताजिए अपने-अपने स्थानों पर लौटे और वहां धार्मिक रस्में निभाई गईं।

### झमाझम बारिश से गुना और अंचल तरबतर, बारिश ने लोगों को गर्मी और उमस से राहत दी

# रातभर दो इंच पानी गिरा, सुबह तक बना रहा तेज बारिश का दौर



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना सहित पूरे अंचल में बुधवार-गुरुवार दरम्यानी रात से शुरू हुआ झमाझम बारिश का सिलसिला गुरुवार सुबह तक जारी रहा। देर रात से लगातार हुई बारिश ने जहां लोगों को गर्मी और उमस से राहत दी, वहीं शहर और ग्रामीण अंचल में जलभराव की समस्या भी खड़ी कर दी। मौसम विभाग के अनुसार गुना शहर में गुरुवार सुबह 8:30 बजे तक 53.8 मिमी यानी करीब दो इंच बारिश दर्ज की गई। रातभर से जारी यह बरसात रुक-रुक कर सुबह 10 बजे तक चलती रही, जिससे सडक़ें और निचले इलाकों में पानी भर गया।बुधवार शाम से ही आसमान में बादल छाए रहे और रूक-रूक कर बारिश होती रही। लेकिन रात रात करीब 12 बजे के बाद झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया। बारिश रातभर रुक-रुक कर होती रही, जिससे लोगों को नींद में भी लगातार बूंदाबांदी की आवाज सुनाई देती रही। गुरुवार सुबह जब लोग उठे तो हर ओर पानी ही पानी दिखाई दिया। शहर के कई निचले मोहल्लों और मुख्य बाजार क्षेत्र में जगह-जगह पर पानी भर गया, जिससे लोगों को आवाजाही में दिक्कत का सामना करना पड़ा।मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटे में हुई यह बारिश औसतन सामान्य से अधिक रही। विभाग ने यह भी बताया कि फिलहाल आने वाले दो दिन तक मौसम का यही मिजाज बना रहेगा और गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है। गुरुवार को दर्ज हुआ न्यूनतम तापमान सामान्य से थोड़ा नीचे रहा जबकि सुबह की नमी 98 प्रतिशत तक पहुंच गई।

### यात्रियों से भरी बस भौंरा नदी पुल पर पानी में फंसी, पुलिस ने सफल रेस्क्यू कर सभी सवारियों को सुरक्षित बाहर निकाला

जिले के धरनावदा थाना प्रभारी उपनिरीक्षक प्रभात कटारे के नेतृत्व में झागर चौकी प्रभारी सउनि राजीव गौर और उनकी टीम द्वारा तत्परता और सतर्कता से कार्यवाही करते हुए यात्रियों से भरी बस के नदी पुल पर पानी में फंसने पर सफल रेस्क्यू कर बस में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है । दिनांक 21 अगस्त को गुना से फतेहगढ़ की ओर जा रही एक बस धरनावदा थाना अंतर्गत झागर के पास भौंरा नदी पुल पर अचानक पानी के बहाव में फँस गई और जिसका एक पहिया भी पुल से नीचे उतर गया । घटना की सूचना पुलिस को मिलते ही झागर चौकी प्रभारी सउनि राजीव गौर अपने पुलिस फोर्स के साथ तत्काल मौके पर पहुँचे और बिना विलंब किए रेस्क्यू अभियान चलाकर बस में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिनमें महिला, बच्चे, बुजुर्ग सभी शामिल थे । इसके बाद ट्रेक्टर की मदद से बस को भी पानी से निकालने का प्रयास किया लेकिन बस का एक पहिया के पुल के नीचे लटक जाने से बस को बाहर निकाल पाना संभव नहीं हो सका और बस पलटी खाकर पुल से नीचे गिर गई । पुलिस की इस त्वरित कार्यवाही से संभावित एक बड़ी दुर्घटना को टाला जा सका है ।



### दिनदहाड़े दुकान में घुसा चोर, गल्ले से नकदी उड़ाई, मंदिर गए थे दुकानदार

#### सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**गुना।** शहर के केंट थाना क्षेत्र में एक दुकान पर उस समय चोरी की वारदात हो गई जब दुकानदार और उसकी पत्नी मंदिर गए हुए थे। मौका पाकर अज्ञात चोर दुकान में घुसा और गल्ले में रखी नकदी लेकर फरार हो गया। घटना गत सुबह करीब 11 बजे के आसपास की बताई जा रही है। चोरी की यह वारदात दुकान में लगे कैमरे में कैद हो गई है।

जानकारी के अनुसार, सीताराम साहू पुत्र कमरलाल साहू निवासी आवासीय कॉलोनी नानाखेड़ी गुना ने पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वे और उनकी पत्नी अपने पुत्र कृष्णा साहू को दुकान पर बैठाकर मंदिर चले गए थे। इसी दौरान करीब 11 बजकर 8 मिनट पर एक अज्ञात चोर दुकान में घुस आया। आरोपी ने गल्ले पर हाथ साफ करना चाहा तो वहां मौजूद कृष्णा ने उसे रोकने का प्रयास भी किया, लेकिन चोर ने उसकी परवाह न करते हुए गल्ले में रखे रुपये निकाल लिए और फरार हो गया।दुकानदार सीताराम जब मंदिर से लौटकर दुकान पहुंचे तो बेटे कृष्णा ने पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद जब उन्होंने दुकान में लगे सीसीटीव्ही कैमरे को देखा तो उसमें साफ दिखाई दिया।

## समाचार संक्षेप

### निरंतर भगवान का भजन करना चाहिए इससे हमारा सरलता से हो जाता है उद्धार

**गुना।** मनुष्य जन्म बहुत कठिनाई से प्राप्त होता है इसलिए हमें मनुष्य जीवन प्राप्त कर निरंतर भगवान का भजन करना चाहिए इससे हमारा सरलता से उद्धार हो जाता है। हमें गीता स्वाध्याय सत्संग जैसे अवसरों में बिना बुलाए जाना चाहिए । बिना सत्संग के विवेक उत्पन्न नहीं होता अविवेक के कारण लोग अनुचित कार्य करते है। उक्त आशय के विचाार पिपलेश्वर महादेव मंदिर रेलवे-स्टेशन पर आयोजित गीतास्वाध्याय में महंत श्रीकैलाश गिरी जी महाराज ने व्यक्त किए। गीतास्वाध्याय में दसवे अध्याय के प्रथम ग्यारह श्लोक का सस्वर पाठ देवेंद्र भार्गव ने कराया। स्वाध्याय शिक्षक अंकित पाण्डेय के प्रेरणागीत से कार्यक्रम आरंभ हुआ। यजमान श्रीमहेंद्र सोनी और श्री राम शंकर दुबे ने प्रेरणादायक प्रस्तुतियां प्रदान कीं। उल्लेखनीय है कि गीताक्षेत्र मातृपुरम्‌ में प्रति बुधवार और महावीरपुरम्‌ में प्रतिशनिवार भी गीता स्वाध्याय आयोजित किया जाता है। आगामी रविवारीय गीतास्वाध्याय श्री गणेश मंदिर पर सायं 4 बजे से आयोजित किया जाएगा इस हेतु पंडित जगदीश प्रसाद मिश्रा ने जी की गरिमामय में आगवानी करते हुए सभी से स्वाध्याय में पधारने का अनुरोध किया है।

### जीवन जीना इनसे सीखो...



**गुना।** बुजुर्ग दंपत्ति दादा पुरन और अम्मा दोनों का एक महीने के अंदर स्वर्गवास हो गया। कल सुबह दादा का अंतिम संस्कार किया । इन दोनों को 7 साल पहले में वृद्ध आश्रम लाया था ,क्योंकि न इनका घर था न बेटा,चौकीदारी कर जीवन यापन किया,आजकल सेवाभारती के आनंदधाम में जीवन यापन कर रहे थे।
इतनी बुजुर्ग अवस्था में भी बहुत प्रेम था ,समय निकलता गया ओर 20 दिन पहले अम्मा खत्म हो गई जब से ही दादा बेहोश हो गए,ओर गुना जिला चिकित्सालय में भर्ती रहे ,20 दिन में दादा का भी स्वर्गवास हो गया। आनंदधाम में दादा की बहुत देखरेख हुई । कहने का तात्पर्य न धन,न मकान,बच्चे ,चौकीदारी कर जीवन निकाला अंत समय में भी इतना प्रेम । एक ओर पति पत्नी छोटी छोटी बातों पर झगड़े करते है,अलग हो जाते हैं,ये दादा अम्मा जीवन जीने की सीख देते हैं की जीवन बहुत खुशी से जिओ। दादा अम्मा मुझे बहुत प्रेम करते थे, मोनू महाराज ,आजा अम्मा दादा की शिकायत करती ही रहती थी,पर जरा सा कुछ हो जाए तो आसमान उठा लेती थी।

गुनिया नदी पुनर्जीवन अभियान को लेकर जिला कलेक्ट्रेट में बैठक

# जनप्रतिनिधि व प्रशासन हुए एकजुट गुनिया नदी को मिलेगा नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुनिया नदी के पुनर्जीवन हेतु जिला प्रशासन द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में गुना विधायकपन्नालाल शाक्य, नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविन्द्र गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिकरवार, नपा उपाध्यक्ष धरम सोनी, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, एसडीएम गुना शिवानी पाण्डेय, प्र. सीएमओ मंजुषा खत्री सहित विभिन्न संगठन एवं समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे।बैठक में अपर कलेक्टर शअखिलेश जैन ने पीपीटी के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया 29 जुलाई को हुई भारी वर्षा से गुना शहर में बाढ़ जैसी स्थिति निर्मित हुई थी। इस समस्या के स्थायी समाधान एवं गुनिया नदी को पुनर्जीवित करने के लिए 18 अगस्त से विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। इसके अंतर्गत अतिक्रमण हटाना, जलधारा को सुचारू करना तथा जनभागीदारी से कार्य कराए जाने पर बल दिया जा रहा है ।अपर कलेक्टर श्री जैन ने जानकारी देते हुए कहा अभी दो दल गठित किए गए हैं, जो गोपालपुर डैम से नानाखेड़ी तक पानी के प्रवाह को



सुगम बनाने की कार्ययोजना पर कार्य करेंगे। इस हेतु चार प्रमुख जगह पर कार्य किया जाएगा, जिसमें कॉलोनी की बाउंड्री वॉल, दद्दाजी धाम, संस्कार स्कूल तथा होटल सामरसिंगा के आसपास के क्षेत्र शामिल हैं। बैठक में अभियान की कार्रवाई की जानकारी का पीपीटी के माध्यम से पूर्व एवं वर्तमान स्थिति का भीअवलोकन कराया गया।विधायक श्री शाक्य ने सुझाव दिया सर्वप्रथम यह स्पष्ट हो नदी का कौन-सा हिस्सा कहाँ तक साफ किया जाना है तथा कार्य पूर्णता के साथ किया जाए।कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा यदि सोच सकारात्मक होगी तो परिणाम भी अच्छे आएंगे। वर्तमान में प्रथम चरण के अंतर्गत नदी के चौड़ीकरण एवं गहरीकरण का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया इस दौरान कुछ व्यावहारिक चुनौतियाँ आएंगी, जैसे प्रभावित लोग न्यायालय में स्टे ले सकते हैं, जिसके लिए कैबिनेट स्तर की भी तैयारी की जा रही है। प्रथम चरण में लगभग 80 घरों को चिन्हित किया गया है।
प्रभावित परिवारों के सर्वे हेतु समिति गठित करने का निर्णय लिया गया। सर्वे में यह दर्ज किया जाएगा व्यक्ति मालिक है या किरायेदार, भूमि का आकार कितना है, परिवार में कितने सदस्य हैं, वह व्यक्ति जीविकोपार्जन हेतु क्या कार्य करता है तथा पूर्व में किसी प्रकार की भूमि आवंटित हुई थी या नहीं।कलेक्टर ने ‘धारणा अधिकार’ की अवधारणा की भी जानकारी दी, जिसके अंतर्गत यदि कोई व्यक्ति शासकीय भूमि पर निवासरत है और नियम अंतर्गत वो निर्धारित प्रीमियम राशि जमा कर वहाँ रह सकता है। बैठक के समापन पर सभी ने गुनिया नदी के पुनरुत्थान हेतु एकमत सहमति प्रदान की और सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में उपस्थित सभी लोगों के सहयोग से लगभग 15 जेसीबी, 15 पोकलेन मशीनें तथा 15 लाख रुपये से अधिक की राशि एकत्रित की गई है, जिसका उपयोग नदी पुनर्जीवन कार्यों में किया जाएगा।

## भारत की संतान 18 भाषाओं के गीत, ध्वज शिष्टाचार, सर्वधर्म प्रार्थना, खेलों का देंगे युवाओं को प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

प्रखर समाज सेवी डॉ एस एन सुब्बाराव द्वारा संचालित राष्ट्रीय युवा योजना के द्वारा भारत की संतान मास्टर ट्रेनर कार्यक्रम का आयोजन गांधी सेवा आश्रम जौरा में आयोजित किया गया। राष्ट्रीय युवा योजना इकाई गुना के समन्वयक जितेन्द्र ब्रह्मभट्ट ने बताया कि भारत की संतान मास्टर ट्रेनर शिविर में गुना से सात सदस्यीय दल प्रियंका धाकड़, साजिया खान,नीलू गोस्वामी, मोनिका कुशवाह और प्रखर ब्रह्मभट्ट ने मध्यप्रदेश और जिले का नेतृत्व किया।राष्ट्रीय युवा योजना के सचिव रनसिंह परमार के नेतृत्व में भारत की संतान मास्टर ट्रेनर का द्वितीय चरण है जिसमें 11 राज्यों के 50 युवाओं ने सहभागिता की। भारत की संतान मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रखर समाज सेवी डॉ एस एन सुब्बाराव जी 18 भाषाओं के गीत,खेल,सर्व धर्म प्रार्थना एवं ध्वज शिष्टाचार से युवाओं और समाज को जोड़ना है। साजिया खान द्वारा गार्ड ओफ ओनर दिया गया जिसके मुख्य अतिथि गांधी ग्लोबल संस्थान के महासचिव राममोहन राय पानीपत रहे। प्रियंका धाकड़ द्वारा सुबह वार्म अप एक्साइज और योग कराया गया।नीलू गोस्वामी, मोनिका कुशवाह,विजय नायक और प्रखर ब्रह्मभट्ट द्वारा मध्यप्रदेश का लोक नृत्य बधाई प्रस्तुत किया गया। प्रशिक्षक के रूप में भार्गव कुमार कर्नाटक,मधुसुदन दास भाई उड़ीसा, विनय गुप्ता छत्तीसगढ़,नीरज भाई बिहार, ने प्रशिक्षण दिया।




## संसार सागर से पार लगाती है मां जिनवाणीः मुनिश्री दुर्लभ सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

इस संसार में अनंतानंत भवों से एक पर्याय से दूसरी पर्याय को बदलते हुए परिभ्रमण करता रहता है जीव। जीव के कर्म उसे एक पर्याय से दूसरी पर्याय में भ्रमण कराते रहते हैं। यदि जीव को इन पर्यायों से मुक्त होकर मुक्ति को प्राप्त करना है तो मां जिनवाणी की शरण में आना ही होगा। उक्त सारगर्भित धर्मदेशना जैन मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज ने जैन समाज आरोन द्वारा नियम सागर भवन में हो रहे 32 दिवसीय सोलह कारण संवेग वैराग शिविर के दौरान आयोजित धर्म सभा में प्रवचन भक्ति के संदर्भ में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए दिए। मुनि श्री ने कहाकि मां जिनवाणी उस घाट के समान है जो हमें संसार सागर से पार लगाने का उपकार करती है।
लेकिन प्रवचन भक्ति को भी वहीं स्वीकार करता है जो स्वाध्याय करता है।स वाध्याय न करने वाला प्रवचन भक्ति को स्वीकार नहीं कर सकता है। उन्होंने श्रावकों से स्वाध्याय की ओर ध्यान देने पर जोर देते हुए कहाकि जितना हो सके जिनवाणी का श्रवण करो और जिनवाणी के श्रवण के साथ साथ उसका चिंतन करो मनन करो। अरिहंत परमेष्ठि और गुरुओं पर जितना श्रद्धान रखते हो उतना ही जिनवाणी पर भी श्रद्धान रखो।
देव शास्त्र एवं गुरु तीनों पर अपने श्रद्धान को प्रगाढ़ करो। प्रवचन से पूर्व आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की सामूहिक पूजन करने का सौभाग्य जिनेश चंद नवनीत जैन जम्मू जैन झंडा परिवार को प्राप्त हुआ एवं गुरु उपासक पुण्यानुभुति पुण्यार्जक बनने का सौभाग्य जैन समाज अध्यक्ष विजय जैन डोडिया परिवार को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर श्री मिंटूलाल जैन,शिखर कलेशिया,सुरेन्द्र भूमरिया, अशोक चबूतरा,संजीव रामपुर भी उपस्थित थे।उक्त जानकारी चातुर्मास कमेटी के प्रचार मंत्री सुनील झंडा ने दी।

## तहसील के मैसावला में समाज विशेष ने किया भूमि पर कब्जा

**आरोन।** राजपाल, सजीब,बबलू, चंदन सिहं एवं समस्त ग्राम पंचायत झझौन एवं ग्राम मेसावला तहसील ने एसडीएम को आवेदन दिया है। आवेदन में कहा कि आरोन ग्राम पंचायत झझौन ग्राम मैसावला में वन भूमि पर मुस्लिम सामुदायिक लोगों ने कब्जा कर बुवाई कर ली गई । कही वीधा में अवैध कब्जा कर लिया है जहाँ मारी लोगो फडिंग से एक मस्जिद बना ली है। जिसपर हमेशा संदिग्ध लोगो का आना जाना रहता है। ग्रामीणों को डर का माहौल रहता है। गरीबो का भी धर्म परिवर्तन करने का डर है। मुस्लिमों की जंगल की जमीन पर बड़े सतर पर खेती की जा रही है। उक्त विषय एसडीएम एव वन विभाग को कही बार सूचना तथा ज्ञापन भी दिया जा चुका है। किन्तु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है। महोदय वन भूमि पर लोगों की गतिविधिया कर जॉथ होना भी आवश्यक है। इनके हारा जंगल हिरणो मोशे आदि पशुओं को माले तथा गौतस्करी करने का संदेय है। क्योकि बाहर से इन संबंध लोगो का आतक नय है। अत निवेदन है कि उक्त संवेदनशीन विषय पर ठोस कार्यवाही करवाने की कृपा करे। एवं संदर्भ में होने एस डी एम महोदय को ग्रामीणो के द्वारा ज्ञापन दिया गया था हम ग्रामीणों को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। एवं हम लोगो की सुरक्षा की जावे। मस्जिद निर्माण बाहर के लोगो ने करवाया है वह कौन है उनकी जाँच की जाये संचित कार्यवाही एवं भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई जाए।

## आवारा घूम रहे गोवंश की रक्षा एवं रोकथाम के लिए आगे आया हिंदू संगठन, की गई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

पिछले कई वर्षो से गौवंश की रक्षा एवं गौशालाओं की मांग को लेकर संचालित गौशालाऐं एवं नई गौशालाओं का निर्माण नहीं किया गया।
शासन की ओर से कई बार मांगे भी की गई परन्तु अभी तक पूरी नहीं हुई इस विषय को ध्यान में रखते हुए राधेश्याम नाथ भाटी वरिष्ठ गौरक्षक एवं नाथ समाज प्रदेश अध्यक्ष हिंदू रक्षा शक्ति संघ मध्य प्रदेश एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी हरिओम प्रजापति एवं नगर अध्यक्ष राघोगढ़ मानसिंह मोगिया सहित संगठन के कई कार्यकर्ताओं ने राघौगढ़ वार्ड क्रमांक 19 में कोलुआ पठार पर शासकीय भूमि शासन द्वारा 2बीघा में तार फेंसिंग कर गायों की सुरक्षा के लिए उचित स्थान की व्यवस्था करें। ताकि गौवंश रोड पर न घूमें। और होने वाली दुर्घटनाओं से बचे।



### लापता नाबालिग बालक को पुलिस ने महज 20 घंटे की भीतर सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा

**गुना।** कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव और उनकी टीम द्वारा थाना क्षेत्र से लापता एक नाबालिग बालक को महज 20 घंटे के भीतर ही सकुशल दस्तयाब का उसके परिजनों को सौंप दिया है । दिनांक 19 अगस्त 2025 को कैंट थाना क्षेत्र से 15 वर्षीय एक नाबालिग बालक के घर में किसी को बिना कुछ बताए कहीं चले जाने पर दिनांक 20 अगस्त 2025 को बालक की मां की ओर से उसके गुम होने संबंधी रिपोर्ट कैंट थाने पर की गई थी, जिस पर से कैंट थाने में अपराध क्रमांक 806/25 धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर केंट थाना पुलिस ने लापता बालक की तलाश शुरु की और इस हेतु अपना मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया साथ ही विभिन्न तकनीकि संसाधनों की मदद लेकर संकलित जानकारी के आधार पर सभी संभावित जगहों पर अपहृत बालक को खोजने के सघन प्रयास किये गये । जिसके परिणाम स्वरूप 21 अगस्त 2025 के दोपहर बालक के संबंध में मुखबिर से मिली सूचना पर कैंट थाना पुलिस द्वारा तत्परता से कार्यवाही कर प्रकरण में अपहृत नाबालिग बालक को महज 20 घंटे के भीतर ही सकुशल दस्तयाब कर लिया गया और जिसे विधिवत कार्यवाही उपरांत बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया जहां से बाल कल्याण समिति अध्यक्ष नीरू शर्मा व समिति द्वारा कार्यवाही करते हुए बालक को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है ।

## नगर पालिका आईएसएस योजना का लाभ देने के लिए कैंप आयोजन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

नगर पालिका द्वारा इंट्रेस्ट सब्सिडी स्कीम (पे) योजना का लाभ देने हेतु नगर के प्रमुख चैराहों पर आमजन की जानकारी के लिए कैंप लगाए जा रहे हैं जिनमें नपा कर्मचारी उपस्थित रहकर योजना के बारे में विस्तृत जानकारी लोगों को दे रहे हैं इस योजना के अंतर्गत ऐसे हितग्राही जो स्वयं के कच्चे भवन को बनाने के लिए बैंक से 25 लाख रुपए तक का लोन लेना चाहते हैं उन्हें शासन की ओर से 1.80 लाख की सब्सिडी दी जावेगी शेष राशि आसान किश्तों में जमा की जा सकेगी नगर पालिका द्वारा अधिक से अधिक लोगों को इस योजना का लाभ देने हेतु चैराहों पर कैंप लगाए जाकर योजना का प्रचार प्रसार किया जा रहा है आगामी दिनों में 22 तारीख को इंद्रा पार्क,23 को नपा कार्यालय,25 को गांधी पार्क,26 को चिंता हरण मंदिर के पास,27 को नवीन बस स्टैंड के पास,28 को विमानों के चबूतरे के पास एवं 29 को पुनः नगर पालिका कार्यालय में कैंप लगाया जाएगा नगर पालिका द्वारा लोगों से अपील की गई है कि उक्त कैंपों में योजना की जानकारी लेकर लाभ लें।




### एक्सीडेंट में सड़क पर तड़प रहे घायल युवक को राहगीर ने पहुंचाया अस्पताल

**अशोकनगर।** चंदेरी नगर से लगभग 15 किलोमीटर दूर राजघाट मार्ग पर एक युवक अपनी बाइक से इंदौर से उत्तरप्रदेश के ललितपुर जिले के ग्राम गंगोरा की ओर जा रहा था, तभी उसकी बाइक अनबैलेंस हो गई और जाकर सड़क किनारे लगे डिवाइडर में टकरा गई जिससे वह घटना में घायल हो गया। वह दर्द के मारे तड़प रहा था तभी वहां से गुजर रहे राहगीर शशांक पटेरिया ने अपनी बाइक पर बिठाकर राजघाट के एक निजी अस्पताल में उसका इलाज करवाया। बताया गया है कि युवक राजकुमार पुत्र जगदीश मीना उम्र लगभग 20 साल के परिजनों को फोन पर कॉल लगाकर जानकारी दी। जिसके बाद युवक के परिजन पहुंचे हैरानी की बात तो यह है कि उसे तड़प रहे युवक को देखकर कोई भी नहीं रुका। लगभग आधा घंटे तक सड़क किनारे डला रहा जैसे ही जब वहां से गुजर रहे शशांक पटेरिया निवासी चंदेरी की नजर पड़ी तो उपचार के लिए राजघाट नौ नंबर स्थित कॉलोनी में डॉक्टर से इलाज करवाया।



## श्वेतांबर जैन समाज का पर्युषण पर्व प्रारंभ, प्रतिदिन कार्यक्रम आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

श्वेतांबर जैन समाज के महा पर्व पर्युषण प्रारंभ आज से हो गए हैं। इन पर्वों के दिनों में प्रतिदिन भक्ति भाव से कार्यक्रम होना प्रारंभ हो गए हैं। यह सभी आयोजन श्री श्वेतांबर जैन वासू पूज्य जिनालय पर आयोजित किए जा रहे हैं। नियमित कार्यक्रमों में सुबह 6:00 बजे से प्रार्थना, 7:00 बजे से मंदिर पर प्रक्षाल, पूजन आरती 8:30 बजे से स्थानक भवन पर अनंतगड सूत्र का बाचन और प्रबचन, दोपहर मे 1:30 से स्नात्र पूजन मंदिर पर, शाम को 6:30 से प्रतिक्रमण और रात्री 8:00 बजे से प्रभु भक्ति और आरती के आयोजन प्रारंभ हो गए हैं। यह कार्यक्रम 20 से 27 अगस्त तक जारी रहेगें। आज के दिन पूजन के लाभार्थी प्रदीप कुमार, विनय कुमार सुराना परिवार उपस्थित थे।




### बच्चों को गुड टच-बेड टच एवं विभिन्न योजनाओं की दी जानकारी

**अशोकनगर।** गुरूवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 04, अशोकनगर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 03, अशोकनगर एवं शासकीय प्राथमिक विद्यालय, मारूप जिला अशोकनगर में नालसा (बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं एवं उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवा) योजना, 2015 अंतर्गत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित छात्र-त्राओं को संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, गुड टच- बेड टच, शिक्षा का अधिकार, बाल श्रम, बाल विवाह की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। शिविर में बच्चों को बताया गया कि अगर आपके आसपास जो बच्चे स्कूल नहीं जाते हैं, उन्हें स्कूल जाने के लिए प्रेरित करें।उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर अध्ययन करने की सलाह दी। उक्त शिविर में विद्यालय के प्राचार्य एवं विद्यार्थिगण उपस्थित रहे।



### नपा अध्यक्ष ने जन्म-मृत्यु शाखा एवं योजना शाखा के समस्त कर्मचारियों की ली बैठक

**अशोकनगर।** नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने नगर पालिका कार्यालय में जन्म-मृत्यु शाखा एवं योजना शाखा के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक में नपा अध्यक्ष ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि कोई हितग्राही जन्म, मृत्यु या विवाह प्रमाण पत्र बनवाने आता है, तो उसके आवश्यक दस्तावेज लेकर तुरंत प्रमाण पत्र जारी करें। उन्होनें चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी प्रकार, यदि कोई नागरिक संबल कार्ड या अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ लेने आता है तो उसे भी शीघ्र लाभ दिलाने का प्रयास करें। नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने कहा कि यदि किसी प्रकार की शिकायत उनके पास पहुँचती है तो कठोर कार्यवाही की जाएगी।



### 10 शासकीय सेवकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा शासकीय कार्यो में लापरवाही बरतने पर 10 शासकीय सेवकों को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किये गए है। जारी आदेशानुसार परियोजना अधिकारी जितेन्द्र तिवारी एवं सेक्टर पर्यवेक्षक अरूणा शाक्यवार राजपुर एकीकृत बाल विकास परियोजना अशोकनगर ग्रामीण को कारण बताओं नोटिस जारी किये गए है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर के भ्रमण के दौरान संबंधित आंगनवाडी केन्द्रों में रिकार्ड व्यवस्थित रूप से संधारित न होने पर यह कार्यवाही की गई है। इसी प्रकार बीएसी गंगाराम राजौरिया एवं सीएसी कृष्णभान सिंह यादव एवं नीलम सिंह यादव जनशिक्षा केन्द्र राजपुर द्वारा संबंधित शिक्षा केन्द्रों का सतत निरीक्षण नही किये जाने पर कारण बताओं सूचना पत्र जारी किये गये है। इसी प्रकार इमरत लाल कुन्देले एवं चतरूलाल नायक माध्यमिक शिक्षक शासकीय माध्यमिक विद्यालय शेरापुरा को उपस्थिति पंजी पर हस्ताक्षर नही पाये जाने पर कारण बताओं नोटिस किये गए हैं । इसी प्रकार योगिता दीक्षित माध्यमिक शिक्षिका एवं आंकाक्षा शर्मा प्राथमिक शिक्षिका शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय बमौरा उपस्थिति पंजी पर हस्ताक्षर नही पाये जाने पर बताओं नोटिस जारी किये।

## लोक अदालत 13 को, बिजली चोरी एवं अन्य प्रकरण के तहत होंगे समझौते

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में 13 सितंबर को नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अन्य अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। कंपनी द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के लंबित प्रकरणों एवं विशेष न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की गई है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें।मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के बनाए गए लंबित प्रकरण एवं अदालत में लंबित प्रकरणों का निराकरण के लिये निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्रकरणों में ही छूट दी जाएगी।
प्रि-लिटिगेशन स्तर पर-कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। लिटिगेशन स्तर पर-कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त हर छःमाही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। कंपनी ने कहा है कि नेशनल लोक अदालत में छूट कुछ नियम एवं शर्तों के तहत दी जाएगी जो आकलित सिविल दायित्व राशि रू. 10,00,000 (दस लाख ) तक के प्रकरणों के लिए सीमित रहेगी।

## मानव उत्थान सेवा समिति ने 50 बच्चों को दी शिक्षा सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

मानव उत्थान सेवा समिति शाखा अशोकनगर द्वारा गरीब बच्चों को सामग्री प्रदान की गई। सद गुरु देव सतपाल महाराज की प्रेरणा से विभुजी महाराज द्वारा चलाये जा रहे मिशन एजुकेशन के तहत माता अमृता के पावन जन्म उत्सव के उपलक्ष मे गरीब बच्चों को शिक्षा सामग्री कॉपी ,पेन ,रबड़ ,कटर, पेंसिल का इंडियन पब्लिक स्कूल ग्राम कचनार जिला अशोकनगर मे. महात्मा गिरधारीनंद के मार्गदर्शन में 50 बच्चों को बुधवार को वितरित की गयी। इस अवसर पर समिति के कार्यकर्ता रघुवीर सिंह यादव, विनोद तिवारी, रामबाबू सक्सेना, प्रकाश कुशवाह, डॉ रामपाल सिंह यादव, सिमलेश चंदेल, प्रेम नारायण कुशवाह उपस्थित रहे।




भोपाल मंडल के रूठियाई, गुना एवं अशोकनगर स्टेशनों पर भी ठहराव

## पितृपक्ष पर्व पर सोगरिया से गया तक जाएगी पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

पितृपक्ष के पावन अवसर पर गया में पिंडदान एवं तर्पण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की यात्रा को देखते हुए रेल प्रशासन द्वारा अतिरिक्त यात्री भीड़ को कम करने हेतु साप्ताहिक पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। इस सुविधा का लाभ भोपाल मंडल के यात्रियों को भी मिलेगा, क्योंकि यह विशेष ट्रेन मंडल के महत्वपूर्ण स्टेशनों रूठियाई, गुना एवं अशोकनगर पर भी ठहरेगी।

### गाड़ी संचालन का विवरण

गाड़ी संख्या 09817 सोगरिया से गया पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन दिनांक 06, 13 एवं 20 सितम्बर 2025 (शनिवार) को सोगरिया स्टेशन से रात 23:10 बजे प्रस्थान कर अगले दिन रविवार को रात 23रू45 बजे गया स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09818 गया से सोगरिया पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन दिनांक 07, 14 एवं 21 सितम्बर 2025 (रविवार) को गया स्टेशन से रात्रि 01: 15 बजे प्रस्थान कर मंगलवार को रात 01:10 बजे सोगरिया पहुँचेगी।

### कोच संरचना

इस विशेष गाड़ी में कुल 22 कोच होंगे, जिनमें 01 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 05 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी,01 वातानुकूलित इकोनॉमी तृतीय श्रेणी, 07 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी, 01 एसएलआरडी तथा 01 जनरेटर कार शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### जुएं के अडडे पर छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत पुलिस ने मलावनी सिलावन रोड़ की पुलिया पर ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनमें दिलीप सिंह शर्मा, राजा रजक, अरविंद यादव, मनोज कोठारी, जाहिद खान, भरत के पास से पुलिस ने 5500 रूपये नगद ताशी की गडडी और दो बाईक बरामद की हैं।

### बाईक की टक्कर से युवक घायल

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत शंकर कॉलोनी निवासी अशोक अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाईक क्रमांक एमपी08 जेडबी 2706 के अज्ञात चालक ने बेतवा पुल के समीप सेमरखेडी की ओर अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटें आई हैं।

### सर्प दंस से महिला की हुई मौत

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत ग्राम प्याऊ चक्क डोंगरा पछार निवासी पति मान सिंह कुशवाह उम्र 55 साल को अपने ही घर के बाथरूम में सर्प ने डस लिया था। जिससे महिला की मौत हो गई पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुंगावली निवासी कृष्णपाल वंशकार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गोपाल, श्यामलाल, शीला और रोशन वंशकार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छोटी मोहचार निवासी हरदीप कौर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जितेन्द्र सिंह सिक्ख ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सरसैला निवासी नंदू आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मनोज और एसपी आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### आकाशीय बिजली गिरने से महिला घायल

**अशोकनगर।** जिले के छपराई गांव में सुबह आकाशीय बिजली गिरने से 48 वर्षीय महिला आशा बाई परिहार गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया है आकाशीय बिजली एक खम्बे पर गिरी थी उसी समय महिला एक गाय के बछड़े को बांध रही थी उसी समय महिला भी हादसे का शिकार हो गई। बिजली गिरने से खम्बे का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। महिला को जिला अस्पताल अशोकनगर में भर्ती कराया गया है जहां पर उसका उपचार जारी है। महिला के परिजनों के बताया कि इस घटना में महिला बेहोश हो गई थी, जब एम्बुलेंस बुलाई गई तब समय पर एम्बुलेंस नहीं आई जिसके कारण महिला के परिजन उसे बाईक पर बिठाकर अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां पर महिला अभी तक अचेत अवस्था में हैं।

आज भी सुंदर इमारत में तब्दील, जिला बनने के बाद नया विश्राम गृह 2019 में अस्तित्व में आया

# अशोकनगर का डाक बंगला 1894 में बना अब 131 वर्ष का हुआ






हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शहर के बीचों बीच बना डाक बंगला एक इतिहास की प्राचीन धरोहर है। यह वर्ष 1894 में अंग्रेजी हुकुमत के दौरान बना था। आज भी सुंदर इमारत में तब्दील 131 वर्ष पुराने इस डाक बंगले के निर्माण का उपयोग आज भी हो रहा है। हालांकि जिला बनने के बाद एक नया विश्राम गृह तुलसी सरोवर के पास 30 जनवरी 2019 में बन चुका है। यह इतिहास कालीन इमारत अशोकनगर शहर की एक पहचान है।

जब अशोकनगर का नाम पछार हुआ करता था तब उसका उल्लेख अशोकनगर में कईं इमारतों में आज भी दिखाई पड़ता है कईं दस्तावेज भी पछार के नाम से उल्लेखित हैं। सम्राट अकबर के दरवारी लेखक अबुल फजल ने अपनी पुस्तक अकबर नामा में भी इसका उल्लेख किया है। उस समय जो नौ परगने हुए करते थे उसमें पछार का नाम भी शामिल था।

### पानीपत की तीसरी लड़ाई में नाना साहेब पछार में रूके थे

पछार का इतिहास बहुत पुराना है। जब पानीपत की तीसरी लड़ाई 14जनवरी 1761 में हुई थी तब मराठों की हार हुई थी तब पेशवा बालाजी बाजी राव नानासाहेब उस समय मध्यप्रदेश में सिरोंज के उत्तर दिशा में स्थित इस पछार नामक स्थान पर थे। उस समय के दस्तावेजों में यह उल्लेख है कि विदिशा और सिरोंज के आसपास यह पछार नाम का स्थान की जानकारी मिलती है। मराठा सैना और प्रशासन के कईं अभियान इस क्षेत्र से होकर गुजरते थे जिसमें कचनार की गढ़ी भी उस समय के इतिहास को दर्शाती है।

### डांक बंगले का उपयोग अंग्रेज चिट्ठी छंटाई में करते थे



अशोकनगर जिला मुख्यालय पर 1894 में जब पछार गांव था तब एक डांक बंगले का निर्माण यहां हुआ था। उस समय दो सूट हुआ करते थे जहां लोग आसानी से रूक सकें। कहा तो यह भी जाता है कि उस समय इस डाक बंगले में डांक घोड़ो से आती थी और इसी स्थान पर इसकी छटाई की जाती थी। इसलिए इसे डांक बंगले के नाम से जाना जाता है। वह इसी स्थान पर रहते थे यह डांक बंगला जबसे से आज तक चला आ रहा है पहले यहां दो कक्ष हुआ करते थे अब यहां 3 कक्ष हैं लेकिन आज भी यह इमारत ऐसी है जैसे अभी हाल में ही बनी हो। पछार से अशोकनगर नामकरण होने के बाद जिला बनने तक यही डांक बंगला विश्राम गृह के रूप में उपयोग में आता रहा है।

### जिला बनने के बाद वर्ष 2019 में नया विश्राम गृह बना



लेकिन जिला बनने के बाद शहर में एक नया विश्राम बनाने की प्रक्रिया शुरू हुई और तत्कालीन रूप से वायपास रोड़ पर विश्राम गृह के लिए भूमि का चयन भी किया गया था लेकिन इस भूमि पर विश्राम गृह तो नहीं बना लेकिन यह भूमि आज भी लावारिस पड़ी है। इस पर प्रशासन का ध्यान नहीं है नया विश्राम गृह तुलसी सरोवर के पास बनाया गया है। शहर में अब दो स्थानों पर यह विश्राम गृह अन्य जिलों की तरह चल रहा है। ऐसी स्थिति में जिला मुख्यालय पर बने इस डांक बंगले को सुरक्षित रखने की जरूरत है। क्योंकि तथाकथित विकास के चलते इसे यहां से हटाने की तैयारी भी गुपचुप चल रही है। जबकि लोगों का मत है कि इस तरह की एतिहासिक इमारतों को बचाकर रखा जाए।

### सहायक यंत्री का कार्यालय वर्ष 1960 में गढ़ी में लगता था

जिस स्थान पर डांक बंगला है उसी स्थान पर यहां लोक निर्माण विभाग का सहायक यंत्री कार्यालय चल रहा है और इसी स्थान पर लोक निर्माण विभाग का कार्यपालन यंत्री कार्यालय है। जब अशोकनगर गुना जिले का हिस्सा था तब 1960 में यहां सहायक यंत्री कार्यालय की स्थापना हुई थी। वर्तमान में सहायक यंत्री के पद पर पदस्थ अशोक गुप्ता कहते हैं कि वर्ष 1960 में यह कार्यालय गढ़ी परिसर में लगता था और वहां विभाग के आवासीय क्वार्टर भी हैं बाद में यह विभाग डांक बंगला परिसर में आ गया तब से आज तक यही पर लग रहा है। इस विभाग के पहले सहायक यंत्री बीएम शर्मा थे। सेवानिवृत उपयंत्री राजेन्द्र शर्मा और जे.के. तिवारी ने बताया कि यह कार्यालय गढ़ी से आने के बाद से यहीं पर चलता रहा है।

### जिले में एक डिवीजन कार्यालय और 3 सब डिवीजन हैं

अशोक गुप्ता ने बताया कि जिला बनने के बाद कार्यपालन यंत्री के कार्यालय की स्थापना यहां 16 सितम्बर वर्ष 2004 में हुई थी तब पहले कार्यपालन यंत्री गोपाल साहू थे वर्तमान में यहां 9वें कार्यपालन यंत्री पी.के. झा हैं। यहां अशोकनगर और मुंगावली दो सब डिवीजन होते थे बाद में चंदेरी में एक नया सब डिवीजन बनाया गया जिसके बाद जिले में 3 सब डिवीजन और एक डिवीजन कार्यालय है। चंदेरी में सब डिवीजन कार्यालय 9 अगस्त वर्ष 2010 को खोला गया था तब यहां के पहले सहायक यंत्री पी.एल. यादव थे। जल्द ही डिवीजन कार्यालय नए भवन में स्थानांतिरत होने की तैयारी चल रही है।

### डांक बंगले के निर्माण पर 500 रुपए की लागत आई थी

अशोकनगर में जो डांक बंगला वर्ष 1894 में बना था उस समय इस डांक बंगले पर 500 रूपये का खर्चा आया था। सेवानिवृत उपयंत्री जे.के. तिवारी ने बताया कि ग्वालियर संभाग मे जितने भी स्थान पर यहं डांक बंगला बने थे उन सभी डांक बंगलों के निर्माण पर यहीं राशि खर्च की गई थी।

### वर्ष 1931 का मानचित्र में पछार के साथ कई प्राचीन ग्रामों का उल्लेख

अशोकनगर और आसपास के इलाके को जोड़ने वाला एक मानचित्र भी महत्वपूर्ण दस्तावेजों में से एक है। जो वर्ष 1931 का है जिसमें पछार नाम का उल्लेख तो है ही आसपास के पुराने ग्रामों में पडरिया,टकनेरी, आदि का उल्लेख भी मिलता है। वर्ष 1931 में आज की अशोकनगर उस समय के पछार गांव में तात्कालिक रूप से क्या-क्या स्थित था कौन से धार्मिक स्थान थे इनका उल्लेख भी इस मानचित्र का बारीकी से अध्ययन करने के बाद मिलता है।

## केंद्रीय मंत्री सिंधिया के भ्रमण की तैयारियों के संबंध बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्टर कान्फ्रेंस कक्ष में केन्द्रीय मंत्री सिंधिया के भ्रमण की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि 22 अगस्त एवं 23 अगस्त को अशोकनगर जिले के दो दिवसीय भ्रमण पर रहेगें। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अतिवर्षा एवं बाढ़ से प्रभावित ग्रामों में पहुंचकर जायजा लेगें। इस हेतु संबंधित अधिकारियों द्वारा संबंधित ग्रामों में पहुंच मार्ग सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण रखी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि भ्रमण कार्यक्रम के लिए रूपरेखा तैयार कर आवश्यक व्यवस्था की जाए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर, अशोकनगर एसडीएम बृजविहारी श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर इसरार खान सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। साथ गूगल मीट से संबंधित क्षेत्र के एसडीएम, तहसीलदार एवं सीईओ जनपद पंचायत जुडे थे।

### आपदा राहत, बाढ बचाव की मॉकड्रिल आज

**अशोकनगर।** कलेक्टर एवं आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री आदित्य सिंह के आदेशानुसार आपदा राहत, बाढ बचाव की मॉकड्रिल प्रातः 11 बजे तुलसी सरोवर (विमानों का चबूतरा) अशोकनगर पर आयोजन किया गया है।

## केंद्रीय मंत्री सिंधिया का जिले का दो दिवसीय दौरा आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 22 अगस्त एवं 23 अगस्त को अशोकनगर जिले के दो दिवसीय भ्रमण पर रहेगें।जारी कार्यक्रम के अनुसार केन्द्रीय मंत्री सिंधिया 22 अगस्त को दोपहर 2.30 बजे बांसखेडा जिला शिवपुरी से प्रस्थान कर दोपहर 03 बजे विधानसभा क्षेत्र चंदेरी के ग्राम अखाईघाट आयेगें एवं अखाईघाट में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा करेगें। दोपहर 3.30 बजे अखाईघाट से प्रस्थान कर दोपहर 3.40 बजे शाजापुर आयेगें एवं शाजापुर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा करेगें। अपरान्ह 4.10 बजे शाजापुर से प्रस्थान कर अपरान्ह 4.20 बजे ग्राम पोरुखेड़ी पहुंचेगें एवं पोरुखेड़ी में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा करेगें। अपरान्ह 4.50 बजे पोरुखेड़ी से प्रस्थान शाम 05 बजे अमरोड़ सद्दू पहुंचेगें एवं अमरोड़ सद्दू के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा करेगें। शाम 5:30 बजे अमरोड़ सद्दू से प्रस्थान कर सायं 6.45 बजे गांधी पार्क अशोकनगर आयेगें एवं स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेगें।सायं 07.10 बजे तायडे कालोनी अशोकनगर में स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेगें। सायं 7:25 बजे तायडे कालोनी अशोकनगर से प्रस्थान कर अशोकनगर कलेक्ट्रेट के पास स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेगें। तत्पश्चात सर्किट हाउस अशोकनगर पहुंचेगें एवं रात्रि विश्राम करेगें। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया 23 अगस्त को प्रातः10.15 बजे सर्किट हाउस अशोकनगर से प्रस्थान कर प्रातरू 10.30 बजे पथरिया अशोकनगर पहुंचेगें एवं केंद्रीय विद्यालय का भ्रमण कर बच्चों से बातचीत करेगें। प्रात 11.45 बजे पथरिया अशोकनगर से प्रस्थान कर दोपहर 12.45 बजे विधानसभा क्षेत्र मुंगावली के ग्राम बरखेडा जमाल पहुचेगें एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा करेगें। दोपहर 01.15 बजे ग्राम बरखेडा जमाल से प्रस्थान कर दोपहर 01.45 बजे गोरा बहादुरपुर पहुंचेगें एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा करेगें। तत्पश्चात ग्राम गोरा बहादुरपुर से गुना के लिए प्रस्थान करेगें।

## भगवान होकर जिसने मेरे लिए सुखी रहने की भावना भाई तब भी हम पीछे रह गए: मुनि पुगंव सुधासागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

दिगम्बर जैन दर्शन के आध्यात्मिक संत मुनिश्री सुधासागर जी महाराज ने अशोकनगर में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान होकर जिसने मेरे लिए भावना भाई वह सुखी रहें। सब जीव जगत के सब कुछ होते हुए भी इतनी बड़ी शक्ति संसार की ओर मुड़कर देख रहा है कि मेरे पीछे जो आ रहा है वह सब सही सलामत रहे। क्यों बनते है तीर्थंकरो के मन्दिर इतनी बड़ी शख्शियत आपकी चिंता कर रहा है।

उन्होंने कहा कि मैं अपने कार्य खुद कर सकता हूं ये मेरे विल पावर की बात है भगवान किसी का सहारा नहीं लेता संसार में फंसकर बहुत बड़ी ग़लती हो गई उसका सबसे प्रायाश्चित अपनी संतान को मुनि बनना। ऐसा सुना था हमारे आचार्य श्री की मां श्री मनती जी आर्यिका बनना चाहिए थी लेकिन उन्हें विवाह बंधन में बंधना पड़ा और उनकी कोख से विद्याधर जैसे पुत्र को जन्म दिया। जिन्हें संसार ने संत शिरोमणि आचार्य भगवंत गुरुवर श्री विद्यासागर जी महाराज वनकर जगत के समाने आये और जिन शासन के ध्वज को अकाश की ऊंचाई दी। दो हजार साल में ऐसा वालयति संघ बनाया । उन्होंने कहा कि कभी कभी संकट भी बहुत अच्छा के लिए आता है एक व्यक्ति दौड़ कर जा रहा है उसे कांटा लग गया वह रूक कर अपने आप को कोसने लगा तव ही सामने बम फट गया। वह जिस कांटे के लगने पर अपने को कोष रहा था वहीं उसका धन्यवाद करने लगा तो संकट भी कभी कभी अच्छे के लिए आते हैं सदा संकट को दुःख का कारण नहीं समझा जाना चाहिए।

### चैबीस तीर्थंकर भगवानों के विधान की कृति का हुआ लोकार्पण



इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि चैबीस अगस्त को जैन तीर्थो के विकास और उत्थान सुरक्षा और सेवा को लेकर भारतीय जैन मिलन के संयोजक में विशाल राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ के सान्निध्य में रखा जा रहा है इस संदर्भ में जैन मिलन के राष्ट्रीय मंत्री नरेश जैन ने बताया कि सम्मेलन में देश भर जैन मिलन के पदाधिकारियों के साथ अन्य प्रमुख जन पधार रहे हैं अशोक नगर जैन मिलन पाश्र्व जैन मिलन सैटल जैन मिलन युवा मिलन ने सभी से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का निवेदन किया है।

## वृद्धाश्रम में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतीश चन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में गुरूवार को न्यायाधीश/सचिव मनीष अनुरागी, जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा एवं लीगल एड डिफेंस काउंसल रफीक खान की उपस्थिति में वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर अपना घर वृद्वाश्रम, मोहरी रोड़ अशोकनगर में वृद्वजन हेतु निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला चिकित्सालय से डॉ. गौरव बंसल, डीएमओ, सीपी यादव नर्सिंग आफिसर, वृद्वाश्रम इंचार्ज कालीचरण शर्मा एवं वृद्वजन उपस्थित रहे। जिला चिकित्सालय के विशेषज्ञों द्वारा वृद्वाश्रम में निवासरत 25 वृद्वजनों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण ब्लड प्रेशर, शुगर, नेत्र आदि जांचे की गई तद्पश्चात वृद्वजनों को आई फ्लू से बचने के लिए आई. ड्रोप एवं दवाईयां वितरीत की गईं।

इसी क्रम में वृद्वाश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा वरिष्ठ नागरिकों से संवाद कर उनके स्वास्थ्य व समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा 'अपना घर' में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों को नालसा वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाएं योजना, 2016, माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007 से संबंधित कानूनी उपबंधों की जानकारी भी प्रदान की गई।




### एक लाख 56 हजार 639 क्यूसेक पानी छोड़ा गया

# राजघाट बांध के 10 गेट खोले गए, एमपी, यूपी रास्ता बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

चंदेरी महारानी लक्ष्मी राजघाट बांध के 10 गेट खोले गए हैं इन गेटों से 1 लाख 56 हजार 639 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है जिससे पुल पर पानी आने से एमपी यूपी के बीच रास्ता बंद हो गया है। बांध प्रशासन द्वारा शाम 5:30 बजे बांध के 10 गेट खोले गए। वहीं बांध प्रशासन द्वारा बताया गया कि यह पानी ऊपरी इलाकों का पानी नहीं है अशोकनगर जिले के चंदेरी कंजिया मुंगावली की तरफ हुई बारिश का पानी है जो एकदम से बढ़ गया था जिसको कम करने के लिए यह गेट खोले गए हैं । बांध के गेट खुलते ही मध्यप्रदेश उत्तरप्रदेश को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग के पुल के ऊपर से पानी बह रहा है। जिससे उक्त मार्ग अवरुद्ध हो गया है।





जिले में पिछले 24 घण्टों में मुंगावली में 134 मिलीमीटर और चंदेरी में 108 मिलीमीटर अब तक जिला औसत वर्षा से 37 प्रतिशत अधिक जिले में पिछले 24 घण्टों में मुंगावली में 5 इंच से अधिक वर्षा हुई है जबकि चन्देरी में 4 इंच से अधिक वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब वर्षा का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है अब तक 37 प्रतिशत अधिक वर्षा हो चुकी है। पिछले 24 घण्टों में अशोकनगर में 68 मिलीमीटर, चन्देरी में 108 मिलीमीटर, ईसागढ में 30 मिलीमीटर और मुंगावली में 134 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। जिले में सर्वाधिक वर्षा अब तक मुंगावली तहसील में हुई है। यहां वर्षा निर्धारित आंकड़े से 72 प्रतिशत अधिक हो चुकी है। गतवर्ष भी यहां सर्वाधिक वर्षा हुई थी और इस वर्ष भी सर्वाधिक वर्षा हुई है।

### जिले भर में वर्षा के आंकड़े

अगर अशोकनगर तहसील की बात करें तो पिछले 24 घण्टों में यहां 68 मिलीमीटर वर्षा होने के बाद यहां अब तक 850 मिलीमीटर औसत वर्षा को देखते हुए 909 मिलीमीटर वर्षा हुई है। गतवर्ष यहां 1058 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। यहां वर्षा का प्रतिशत 106.94 हो गया है। जिले भर में सबसे कम वर्षा अशोकनगर तहसील में हुई है। चंदेरी तहसील में 1000 मिलीमीटर पर्याप्त वर्षा मानी जाती है यहां अब तक 1355 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है। पिछले 24 घण्टों में यहां 108 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। गतवर्ष यहां 1154 मिलीमीटर हुई थी। यहां वर्षा का प्रतिशत 135.50 है। अगर ईसागढ तहसील की बात करें तो यहां पिछले 24 घण्टों में 30 मिलीमीटर वर्षा हुई है यहां 878 मिलीमीटर पर्याप्त वर्षा मानी जाती है अब तक यहां 1218 मिलीमीटर वर्षा हुई है। गतवर्ष यहां 932 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। जो कुल वर्षा का 138.72 प्रतिशत है। अगर मुंगावली तहसील की बात करें तो यहा पिछले 24 घण्टों में यहां पर 134 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। यहां 800 मिलीमीटर पर्याप्त वर्षा मानी जाती है। इस वर्ष यहां 1376 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है। गतवर्ष यहां 1458 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। यहां 172.00 प्रतिशत वर्षा हो चुकी है। यानी यहां 72 प्रतिशत वर्षा हो चुकी है जो सभी तहसीलों से ज्यादा है।

## हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ सभी को मिले: रघुवंशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

केंद्र तथा राज्य की भाजपा सरकार बनवासी आदिवासी भाई बहनों के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं चला रही है, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार आ सके और वह आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। प्रदेश सरकार द्वारा आदिवासी महिला बहनों को साग-सब्जी के लिए एक हजार रुपए महीने दिए जाते हैं। लेकिन ईसागढ़ क्षेत्र की कुछ हितग्राहियों को पिछले तीन माह से उक्त राशि प्राप्त नहीं हुई,बारिश और त्योहार के मौसम में घर चलने वाली ग्रहणी के लिए राशि का ना आना परेशानी का सबब बन गया। ग्राम भरौली एवं आसपास की करीब आधा सैकड़ा हितग्राही महिला बहनों ने भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष उमेश रघुवंशी के निवास पर पहुंचकर, उन्हें अपनी परेशानी बताई, और समाधान की मांग की। इस पर पूर्व जिलाध्यक्ष रघुवंशी ने तत्काल जनपद पंचायत ईसागढ़ एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर शीघ्र राशि दिलाने हेतु निर्देशित किया। इसी तरह आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण आहार के लिए सुपरवाइजर रजनी बालू एवं चंचल अहिरवार से बात की। किसान सम्मान निधि नामांतरण के लिए राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को मिले,ऐसी सरकार की मंशा है,सरकार अंतोदय के विचार को लेकर काम कर रही है।



### इंका जिलाध्यक्ष के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में जिपं सदस्य का आपत्तिजनक बयान

# 'लाड़ली बहनों को बोरियों में भर देंगे' बयान से गरमाई सियासत

## बीजेपी पदाधिकारी बोले-यह करोड़ों महिलाओं का सीधे-सीधे अपमान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह बुधवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में अपना पदभार ग्रहण करने आए थे। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जहां उनका भव्यता से स्वागत, अभिनंदन किया लेकिन इस संदर्भ में आयोजित सभा में जिला पंचायत सदस्य यशवंत सिंह गुर्जर द्वारा दिए गए एक बयान से राजनीतिक सियासत गर्मा गई है। मंगल भवन में आयोजित इस सभा के दौरान जिपं सदस्य यशवंत सिंह गुर्जर ने अति-उत्साह में कह डाला कि 'कहां की लाड़ली बहनियां, सबकों बोरियों में भर देंगे'। कांग्रेस नेता की यह टिप्पणी सीधे-सीधे प्रदेश सरकार की लाड़ली बहना योजना से जुड़ी लाखों महिलाओं पर कही गई मानी जा रही है। गुर्जर के इस बयान की भाजपा पदाधिकारियों की तरफ से तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। भाजपाईयों ने कांग्रेस पदाधिकारी के इस बयान को सीधे-सीधे लाखों मातृ-शक्तियों का अपमान करार दिया है। उल्लेखनीय है कि जिपं सदस्य की प्रदेश की ढाई करोड़ से अधिक 'लाड़ली बहनों' पर की गई इस टिप्पणी पर भाजपा पदाधिकारियों ने उनसे मांफी मांगने की मांग की है। वहीं, श्री गुर्जर के इस आपत्तिजनक बयान का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

### बयान के समय ठहाके लगा रहे थे कांग्रेस

सभा के दौरान जब उक्त लाड़ली बहनों पर उक्त आपत्तिजनक बयान दिया गया उस समय कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता ठहाके लगाते हुए हंसते भी नजर आ रहे हैं। मंच पर स्वयं कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह खिंची, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बैठे हुए थे।

### हम घोर निंदा करते हैं

लाड़ली बहनों को बोरियों में बंद करने के बयान की हम घोर निंदा करते हैं। इससे कांग्रेस का असली चेहरा सामने आया है। मंच पर बयान देते समय कांग्रेसियों का ठहाके लगाकर हंसना उनकी सामंतवादी सोच को उजागर करता है। डूबती हुई कांग्रेस के ताबूत में अंतिम कील ठोकने का काम प्रदेश की लाड़ली बहनें करेंगी। इस बयान पर कांग्रेस को मांफी मांगनी चाहिए।

**- अनीता दुबे**, जिलाध्यक्ष, भाजपा महिला मोर्चा

### यह बयान बेहद निंदनीय

कांग्रेस नेता का यह बयान बेहद निंदनीय है। शायद कांग्रेस भूल गई है कि यह भारत भूमि है जहां नारी शक्ति के अपमान पर महाभारत का युद्ध तक हो चुका है। किसी भी स्थिति में बहनों का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उक्त आपत्तिजनक बयान देते समय इंकाई नेता ठहाके लगाकर हंसे तब कांग्रेस का असली चाल-चरित्र और चेहरा उजागर हो गया।

**- देवीसिंह सौंधिया**, जिला महामंत्री, भाजपा

### तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत किया

मेरे बयान मालवी भाषा में था जिसे तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत किया जा रहा है। कांग्रेस हमेशा महिलाओं का सम्मान करती आई है।

**- यशवंत गुर्जर**,
जिला पंचायत सदस्य, राजगढ़

## राव को करणी सेना का प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया

**ब्यावरा।** राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना द्वारा भूपेंद्र सिंह को प्रदेश मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि भूपेंद्र सिंह लंबे समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय हैं और समाज व संगठन की गतिविधियों को मीडिया तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने का अनुभव रखते हैं। नियुक्ति पर समाज के विभिन्न वर्गों से उन्हें बधाइयाँ एवं शुभकामनाएँ प्राप्त हो रही हैं। इस अवसर पर भूपेंद्र सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है, वह मेरे लिए गर्व और सम्मान की बात है। पत्रकारिता से जुड़े अपने अनुभव का उपयोग कर मैं संगठन की गतिविधियों, विचारधारा और समाज के उत्थान के संदेशों को पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ मीडिया तक पहुँचाऊँगा। संगठन की छवि को और मजबूती देने के लिए सदैव तत्पर रहूँगा।

### फरियादी के नाक व सिर पर चोट

## हॉर्न बजाने को लेकर उपजे विवाद में एफआईआर, अस्पताल में भर्ती



**ब्यावरा।** शहीद कॉलोनी निवासी फरियादिया कल्लो एव उसके लडके सुमित ने सिटी थाना पहुंचकर हॉर्न बजाने की बात के चलते मारपीट करने व भद्दी भद्दी गाली - गलोच पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। सुमित का कहना है  किवह अपने दोस्त रवि के साथ मोटरसाइकिल से जा रहा था तभी पीपल चैराहे पर जैन चाय के पास मोहल्ले के पवन, सुमित और छोटू जाटव ने मेरा रास्ता रोका और हार्न बजाने की बात पर मारपीट करने लगे जिससे मेरे सिर व नाक पर गंभीर चोट आई है। वहीं जब दोस्त रवि ने बीच बचाव किया तो तीनों जाते जाते बोल गए कि आगे से हॉर्न बजाया तो जान से खत्म कर देगें।

### पार्षद ने आगे बढ़कर कराया इलाज

वार्ड नं 9 के पार्षद गोपाल जाटव को जब पता चला की वार्ड के युवा आपस में लड गए तो उन्होने सुमित को चोट लगने पर उसका सबसे पहल इलाज करवाया आगे से ऐसा न होने की बात भी कही।

### पीड़ित पक्ष ने लगाए डराने धमकाने के आरोप

दूसरी ओर सुमित और उसकी मां भय के माहौल में जीने को मतबूर है उनका कहना है कि आए दिन यह पार्षद पुत्र मेरे इकलौते बेटे को धमकाते है और मारा कूटी करने पर उतारू होते है। ऐसे में भविष्य में यदि काई बडी दुर्घटना होती है तो इन्ही की जिम्मेदारी होगी।

### सीसीटीवी में रिकॉर्ड हुई घटना

पीपल चैराहे पर गाडी रोककर मारपीट की यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है जिसमें देखा जा सकता है कि तीन लोग मिलकर एक को मार रहे है।

# ई-अटेंडेंस न लगाने पर कटेगी आधे दिन की सीएल व एच्छिक अवकाश

## 'हमारे शिक्षक' एप पर अब अनिवार्यतः दर्ज करनी पड़ेगी उपस्थिति




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के विभिन्न स्कूलों में शिक्षकों द्वारा तय समय पर स्कूलों में न पहुंचना और निर्धारित समय से पूर्व ही शाला बंद करके घर चले जाने की लगातार मिलती शिकायतों के बाद विभाग ने 'हमारे शिक्षक' एप पर ई-अटेंडेंस की व्यवस्था शुरू की है। ई-अटेंडेंस की इस व्यवस्था को जिले में 1 जुलाई से अनिवार्य किया गया था। हालांकि, पहले महीने महज 20 से 25 फीसदी शिक्षकों ने ही ई-अटेंडेंस दर्ज करवाई। विभाग ने भी हमारे शिक्षक एप की कुछ तकनीकी खामियों, सुदूर अंचलों के स्कूलों में नेटवर्क की समस्या इत्यादि के चलते शुरूआत में सख्ती नहीं दिखाई और अगस्त महीने में सभी शिक्षकों को उनका वेतन जारी कर दिया था। लेकिन अब विभाग ई-अटेंडेंस पर सख्त रुख अपना रहा है। जिला शिक्षाधिकारी करण सिंह भिलाला ने गुरुवार को एक आदेश जारी किया है। आदेश में उल्लेख है कि ई-अटेंडेंस का उल्लंघन करने वाले शिक्षकों का आधे दिवस का आकस्मिक एवं एच्छिक अवकाश स्वतः ही कट जाएगा। जिला शिक्षाधिकारी ने सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, संकुल प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि वे अपनी अधीनस्थ संस्थाओं में इस आदेश का कठोरता से पालन सुनिश्चित करवाएं। उल्लेखनीय है कि शिक्षा विभाग द्वारा लागू की गई ई-अटेंडेंस व्यवस्था का विभिन्न शिक्षक संघटनों द्वारा शुरूआत से ही पुरजोर विरोध किया जा रहा है।

### अतिथि शिक्षकों को नहीं मिलेगा उस दिन का मानदेय

ई-अटेंडेंस न लगाने वाले नियमित शिक्षकों का जहां आधे दिवस का आकस्मिक एवं एच्छिक अवकाश स्वतः काटा जाएगा वहीं जिले के विभिन्न स्कूलों में सेवारत अतिथि शिक्षकों को उस दिन का कोई मानदेय भुगतान नहीं किया जाएगा।

# अंचल में करोड़ों की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमि पूजन

## हर गांव तक पहुंचेगी विकास की गंगा




**सारंगपुर।** कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल ने गुरुवार को सारंगपुर अंचल के विभिन्न ग्राम पंचायतों में करोड़ों रुपये की लागत से पूर्ण हुए विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि पूजन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि ग्रामीण अंचलों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार कर लोगों को बेहतर जीवन स्तर प्रदान किया जाए।

**रामपुरिया पंचायत में 45 लाख की सौगात :** ग्राम पंचायत रामपुरिया में मंत्री टेटवाल ने लगभग 45 लाख रुपये की लागत से तैयार सामुदायिक टीन शेड भवन, सीसी रोड और नाली निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। इन कार्यों से ग्रामीणों को न केवल सुविधा मिलेगी बल्कि ग्राम का सौंदर्यीकरण भी होगा।

**करौंदी पंचायत में 27.50 लाख की योजनाओं का शुभारंभः** ग्राम पंचायत करौंदी में करीब 27.50 लाख रुपये की लागत से निर्मित स्वागत द्वार, सीसी रोड और नाली निर्माण जैसे जनहितैषी कार्यों का शुभारंभ किया गया। ग्रामीणों ने कहा कि इन कार्यों से गांव के प्रवेश मार्ग का स्वरूप बदलेगा और आवागमन सुगम होगा।

# छत्रपति शिवाजी महाराज की स्मृति में निकाली गरुड़झेप यात्रा का सारंगपुर में भव्य स्वागत



**सारंगपुर।** छत्रपति शिवाजी महाराज के शौर्य और उनकी स्मृति में निकाली जा रही गरुड़झेप यात्रा गुरुवार सुबह सारंगपुर पहुँची। आगरा (उत्तर प्रदेश) से प्रारंभ हुई इस यात्रा का नगर प्रवेश पर सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। यात्रा ने पचोर में रात्रि विश्राम किया और शुक्रवार सुबह आगे प्रस्थान किया। यात्रा में शामिल एडवोकेट मारुतिआवा गोले ने बताया कि यह यात्रा प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। उन्होंने बताया कि 17 अगस्त 1666 को मुगल शासक औरंगजेब की कैद से छत्रपति शिवाजी महाराज आजाद हुए थे। उसी ऐतिहासिक दिवस की स्मृति और इस खुशी में यह यात्रा निकाली जाती है। इस वर्ष 17 अगस्त को आगरा से शुरू हुई यात्रा 27 अगस्त 2025 को 1310 किमी की दूरी तय कर पुणे (महाराष्ट्र) के रायगढ़ किले पर संपन्न होगी। इस अवसर पर सारंगपुर बायपास से लेकर नगर के विभिन्न चैराहों तक यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। इस दौरान हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला, कैलाश सोलंकी, ललित सेन लोकेश नाहर, निकेश पुष्पद (विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल विनोद लववंशी, मुरली सोलंकी, सतीश राठौर, सुनील बागवान पार्षद, मिहिर शाक्यवार, पीयूष शर्मा, सुमित प्रजापति,अभिनन्दन पाटीदार सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## अज्ञात कारणों से 40 वर्षीय युवक फांसी के फंदे पर लटका



**सारंगपुर।** वार्ड क्रमांक 16 सुदर्शन नगर में एक 40 वर्षीय युवक का शव घर के पंखे पर लटका हुआ मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार महेश पिता रामचंद्र राठौर (उम्र 40 वर्ष) निवासी मंगलाज हाल मुकाम सुदर्शन नगर का शव गुरुवार को सुबह घर के पंखे से लटका हुआ मिला। घटना के समय मृतक की 80 वर्षीय मां घर पर नहा रही थीं और पत्नी प्राइवेट स्कूल में ड्यूटी पर गई हुई थीं, जबकि बेटा इंदौर में पढ़ाई कर रहा है वहीं मृतक उज्जैन में चाय की दुकान चलाता है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और पंचनामा बनाकर शव को कब्जे में लिया। बाद में शव को सिविल अस्पताल सारंगपुर ले जाकर पोस्टमार्टम उपरांत परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जाँच शुरू कर दी है।

## भगवान राणावत राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के संभागीय सलाहकार बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष शिवप्रताप सिंह, प्रदेश संघटन मंत्री जीतू दादा, प्रदेश सचिव डॉ. योगेंद्र सिंह, संभाग अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष जीतेंद्र सिंह अरनिया की सहमति से भाटपुरा निवासी शिक्षक भगवान सिंह राणावत को संगठन में संभागीय सलाहकार भोपाल के पद पर नियुक्ति दी गई है। संगठन पदाधिकारियों ने श्री राणावत से अपेक्षा की है कि वे सौंपे गए दायित्वों का पूरी निष्ठा के साथ तन, मन, धन व निस्वार्थ भाव से निवर्हन करेंगे। राणावत की इस नियुक्ति पर इष्टमित्रों, परिजनों व मिलने-जुलने वालों ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

**शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय सारंगपुर**
**जिला-राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.**
मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग
Email - hegsvcsarraj@mp.gov.in College Code: 2605
क्र. /3351/स्था./2025 सारंगपुर, दिनांक 21.08.2025
:: संशोधित निविदा सूचना ::
शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय सारंगपुर जिला राजगढ़ मध्य प्रदेश में जन भागीदारी मद से नवीन कैमरे लगवाने हेतु निविदा आमंत्रित की गई थी । जिसकी संशोधित निविदा पुनः जारी की गई है ।इच्छुक व्यक्ति/फर्म निविदा की जानकारी उच्च शिक्षा विभाग भोपाल मध्य प्रदेश के पोर्टल पर या महाविद्यालय के सूचना पटल पर देख सकते हैं ।
प्राचार्य
शा. स्वा. वि. महा. सारंगपुर
जिला राजगढ़ मध्य प्रदेश

### शिक्षा विभाग के ढीले रवैए से शिक्षकों में नहीं दिखा कोई डर

# फर्जी डिग्रियों की जांच में भी नहीं पहुंचे 2 शिक्षक, 21 में से 19 हुए उपस्थित

## विभाग ने भी बोर्ड को भेजकर अपनी जिम्मेदारी से झाड़ा पल्ला


जिला शिक्षा अधिकारी ने डीएलएड, डीएड की मार्कशीट जांच के लिए संबंधित बोर्ड को भेजीं

शिकायत पर शिक्षकों की फर्जी अंकसूची की जांच शुरू, मंगलवार को जांच के लिए पहुंचे 9 शिक्षक

सही जांच हुई तो कई शिक्षकों की नौकरियों पर आ सकता है संकट, लीपा-पोती की संभावना से नहीं इंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा 18 अगस्त को समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को जारी एक सूचना पत्र द्वारा संबंधित शिक्षकों को डीईओ कार्यालय में 19 अगस्त मंगलवार को 2 बजे उपस्थित होकर अपने डीएलएड व डीएड की अंकसूची की जांच करवाना थी। जिला अधिकारी ने यह आदेश इस लिए निकाली की उनके पास संबंधित शिक्षकों की अंकसूची की जांच को लेकर लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थी इसी को ध्यान में रखते हुए यह आदेश जारी किया गया था परंतु इसमें कहा कमी रह गई की जहां आज 21 शिक्षकों को मौजूद होना था वहां पर मात्र 9 शिक्षक ही मौजूद हो पाए इससे समझा जा सकता है कि शिक्षा विभाग के जिला अधिकारी का आदेश भी शिक्षक किस स्तर से लेते है। जिन 9 शिक्षकों की अंकसूचियां पर संदेह लगा उन्हें संबंधित बोर्ड या यूनिवर्सिटी को सत्यापन के लिए भेज दिया गया है।

आज भी होगीं अंकसूचियां चेक

जिला शिक्षा अधिकारी करन सिंह भिलाला का कहना है कि हमने एक दिन की ओर छूट दी है कि संबंधित शिक्षक आए और अपनी अंकसूचियों की मूल प्रति दिखाए जिससे जांच के उपरांत शिकायतों को दूर किया जा सके परंतु शिक्षकों की लापरवाही इस मामले को ओर बडा रही है। कई शिक्षाविदों का कहना है कि यदि एक दशक पूर्व हुई शिक्षक भर्तियों की जांच की जाए तो ब्यावरा ब्लॉक में चैकानें वाले मामले सामने आ सकते है।

इन शिक्षकों की अंकसूची पर मिल रही हैं लगातार शिकायतें

यह वहीं शिक्षक है जिनकी नियुक्ति को लेकर कई शिकायतें विभाग के पास पहुंची है और इनकी अंकसूची को लेकर संदेह जताया जा रहा है। जिनकी डीएलएड और डीएड को लेकर संदेह ज्यादा है जिसको लेकर जिलाशिक्षाधिकारी ने मूल दस्तावेज के साथ जिला कार्यालय में उपस्थित होने को कहा है।

इनका कहना है

संबंधित शिक्षकों को लेकर विभाग को लगातार शिकायतें मिलने के कारण मूल दस्तावेजों की जांच की जा रही है और संदेह होने पर बोर्ड या यूनिवर्सिटी का सत्यापन भी मांगा जा रहा है।
करन सिंह भिलाला, जिला शिक्षाधिकारी राजगढ़

| शिक्षक का नाम | ब्लॉक |
|---|---|
| राधेश्याम लववंशी | ब्यावरा |
| ब्रजमोहन दांगी | ब्यावरा |
| जगदीश दांगी | ब्यावरा |
| बसंत शिवहरे | ब्यावरा |
| राहुल यादव | ब्यावरा |
| नेमसिंह मीना | ब्यावरा |
| हेमंत शर्मा | ब्यावरा |
| राधा दांगी | ब्यावरा |
| जगदीश दांगी | ब्यावरा |
| सावित्री दांगी | ब्यावरा |
| बनेसिंह मीना | ब्यावरा |
| भारत सिंह यादव | ब्यावरा |
| रमेश चंद्र | ब्यावरा |
| हरीप्रसाद लववंशी | ब्यावरा |
| मुकेश मीना | ब्यावरा |
| पवन शर्मा | ब्यावरा |
| सुनील प्रजापति | ब्यावरा |
| मांगीलाल दांगी | खिलचीपुर |
| भेरूलाल दांगी | जीरापुर |
| राजगल दांगी | सारंगपुर |
| हिम्मत सिंह मीना | नरसिंहगढ़ |

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

फर्जी अंकसूची की जांच की बात पर संबंधित शिक्षकों का सुस्त रवैया और उससे भी ज्यादा शिक्षा विभाग के अधिकारियों का ढीलापन यह बताने के लिए काफी है कि उनके हिसाब से मामला ज्यादा गंभीर श्रेणी में नहीं आता इस बात का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है डीईओ के जिस आदेश का हवाला देकर यह जांच शुरू हुई थी उसमें सिर्फ 19 अगस्त का दिन तय हुआ था जिसमें 21 शिक्षकों को जिला मुख्यालय पर आकर अपने संबंधित अंकसूचीयों को प्रस्तुत करना था परंतु 19 अगस्त को 9 शिक्षक ,20 को 6 शिक्षक एवं 21 अगस्त को मात्र 4 शिक्षक उपस्थित हुए । इससे समझा जा सकता है कि अधिकारी के आदेश को भी शिक्षक कितनी गंभीरता से लेते है इससे अच्छा उदाहरण नहीं मिलेगा। अभी भी 2 शिक्षकों ने अपने दस्तावेज विभाग तक नहीं पहुंचाए है जिससे उनकी जांच करवाई जा सके।

### सबसे ज्यादा फर्जी शिक्षक ब्यावरा ब्लॉक से

जांच में लिए गए 21 शिक्षकों में से 17 शिक्षक सिर्फ ब्यावरा ब्लॉक से है बांकी में खिलचीपुर,जीरापुर, सारंगपुर और नरसिंहगढ के 1-1 शिक्षक है। यदि यह बात सही है और संबंधित बोर्ड यदि अंकसूचियों पर प्रश्नचिंह लगाता है तो फिर मास्टर माइंड को पकडना जरूरी होगा जिसने शिक्षा के नाम पर इतना बडा फर्जी बाडा किया।

### 21 में से 2 फिर भी अनुपस्थित

यह वहीं शिक्षक है जिनकी नियुक्ति को लेकर कई शिकायतें विभाग के पास पहुंची है और इनकी अंकसूची को लेकर संदेह जताया जा रहा है। जिनकी डीएलएड और डीएड को लेकर संदेह ज्यादा है जिसको लेकर जिलाशिक्षाधिकारी ने मूल दस्तावेज के साथ जिला कार्यालय में उपस्थित होने को कहा था परंतु 2 शिक्षक उपस्थित फिर भी उपस्थित नहीं हो सके।

| शिक्षक का नाम | ब्लॉक | संस्था का नाम |
|---|---|---|
| राधेश्याम लववंशी | ब्यावरा | शा प्रा वि जैतपुरा |
| ब्रजमोहन दांगी | ब्यावरा | शा प्रा वि वैरियाखेडी |
| जगदीश दांगी | ब्यावरा | शा उ मा वि भिलवाडिया |
| बसंत शिवहरे | ब्यावरा | शा प्रा वि कांसोर खुर्द |
| राहुल यादव | ब्यावरा | शा मा वि पातलापानी |
| नेमसिंह मीना | ब्यावरा | शा प्रा वि खेजडामहाराज |
| हेमंत शर्मा | ब्यावरा | शा प्रा वि भगवतीपुर |
| राधा दांगी | ब्यावरा | शा उ मा वि खजुरिया |
| जगदीश दांगी | ब्यावरा | शा मा वि पाडली महाराज |
| सावित्री दांगी | ब्यावरा | शा मा वि पाडली महाराज |
| बनेसिंह मीना | ब्यावरा | शा प्रा वि नालियाखेडी |
| भारत सिंह यादव | ब्यावरा | शा प्रा वि आगर |
| रमेश चंद्र | ब्यावरा | शा प्रा वि आगरी |
| हरीप्रसाद लववंशी | ब्यावरा | शा मा वि पाडली महाराज |
| मुकेश मीना | ब्यावरा | शा प्रा वि सीलखेडा |
| पवन शर्मा | ब्यावरा | शा मा वि आगर |
| सुनील प्रजापति | ब्यावरा | शा प्रा वि सीलखेडा |
| मांगीलाल दांगी | खिलचीपुर | शा प्रा वि बेदार |
| भेरूलाल दांगी | जीरापुर | शा प्रा वि सेमरा |
| राजगल दांगी | सारंगपुर | शा प्रा वि बुदनपुरा |
| हिम्मत सिंह मीना | नरसिंहगढ | शा प्रा वि चापरीकला |

### इनका कहना है

2 शिक्षक अनुपस्थित रहे जिनके दस्तावेज आ गए है उन्हें संबंधित बोर्ड के सत्यापन के लए भेजा जा रहा है।

**करन सिंह भिलाला**, जिला शिक्षाधिकारी राजगढ़

**कार्यालय नगर परिषद खुजनेर जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.**
Fax & 1073721257228 E-mail - cmokhuiner@mpurban.gov.in
क्रंमाक / निर्माण/737,738,739/2025 :: निविदा सूचना :: खुजनेर दिंनाक 18/08/2025
निम्मलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mpetender.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_ 444958_1 Date 20.08.2025 (10.30) AM | निकाय क्षेत्रांतर्गत विभिन्न वार्डो मैं स्ट्रीट लाईट कार्य | 1. 180 दिवस 2. 5105192 | 1. 10000 2. 38289 | 22.09.2025 (17.30) PM |
| 2 | 2025_UAD_ 445551_1 Date 20.08.2025 (10.30) AM | निकाय क्षेत्रांतर्गत स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 अंतर्गत एम. आर.एफ./ कम्पोस्टिंग प्लांट निर्माण /खुदद्दढीकरण कार्य | 1. 180 दिवस 2. 2713850 | 1. 5000 2. 20354 | 22.09.2025 (17.30) PM |
| 3 | 2025_UAD_ 445552_1 Date 20.08.2025 (10.30) AM | वार्ड क्र. 15 में सावरिया गौशाला में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य | 1. 90 दिवस 2. 1217267 | 1. 5000 2. 9129 | 22.09.2025 (17.30) PM |

नोट : निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mpetender.gov.in/ की वेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। टेण्डर स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार वरिष्ठ अधिकारी / परिषद को रहेगा।

कैलाशी बाई अमर सिंह, अध्यक्ष, नगर परिषद खुजनेर
ब्रजेश उपाध्याय, उपयंत्री, नगर परिषद खुजनेर
कृष्णकांत शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद खुजनेर